# जिला स्वास्थ्य समिति,लखीसराय
# District Health Society, Lakhisarai
सदर अस्पताल परिसर,लखीसराय-811311
Sadar Hospital Campus, Lakhisarai-811311
e-mail id: dhslakhisarai1819@gamil.com


73

**दिनांक 18.06.2025 को मिथिलेश मिश्र, भा० प्र० से० जिला पदाधिकारी, लखीसराय की अध्यक्षता में मंत्रणा कक्ष, लखीसराय में जिला गुणवत्ता यकीन समिति की बैठक आयोजित किया गया | जिसका कार्यवाही निम्न प्रकार से है :-**

उपस्थिति : यथा उपस्थिति पंजी |

1. सर्वप्रथम सिविल सर्जन सह -सचिव जिला स्वास्थ्य समिति लखीसराय के द्वारा बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया गया, तत्पश्चात जिला पदाधिकारी, लखीसराय के आदेशोपरांत बैठक की कार्यवाही प्रारंभ किया गया |
2. जिला पदाधिकारी, लखीसराय के द्वारा गत बैठक में दिए गये निर्देश के आलोक में किये गये अनुपालन की समीक्षा किया गया | जिसके क्रम में उनके द्वारा निजी स्वास्थ्य संस्थानों में जन्मे बच्चो का अवलोकन किया गया एवं कार्य को गंभीरतापूर्वक एवं इमानदारी पूर्वक करने हेतु बताया गया |
3. **मातृ-मृत्यु की समीक्षा :** जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला स्वास्थ्य समिति लखीसराय के द्वारा बताया गया कि जिला गुणवत्ता यकीन समिति के द्वारा मातृ एवं प्रसवकालीन मृत्यु निगरानी एवं प्रतिक्रिया (Maternal Death Surveillance Response-MDSR) की समीक्षा किया जाना है | उनके द्वारा बताया गया कि मातृ एवं प्रसवकालीन मृत्यु निगरानी एवं प्रतिक्रिया (MDSR) के अंतर्गत वितीय वर्ष 2024-25 अंतर्गत सभी प्रखंडों से कुल 17 मातृ-मृत्यु का रिपोर्ट प्रतिवेदित किया गया है | कुल हुए मातृ-मृत्यु में से कुल 14 मातृ-मृत्यु की समीक्षा किया जा चुका है | शेष 03 का **Verbal Autopsy रिपोर्ट प्रखंड स्तर से प्राप्त हो गया है जिसकी समीक्षा की जानी है |**

   इसके साथ उनके द्वारा बताया गया कि वितीय वर्ष 2025-26 अंतर्गत कुल 02 मातृ-मृत्यु (01-बडहिया -अप्रैल 25, 01-सूर्यगढ़ा-मई 25) प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य संस्थान के द्वारा रिपोर्टिंग करते हुए **Verbal Autopsy प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया है | जिसकी भी समीक्षा की जानी है | जिला कार्यक्रम प्रबंधक के द्वारा कुल 05 मातृ-मृत्यु का Verbal Autopsy पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से निम्न प्रकार से प्रस्तुत किया गया :**

| क्रम संख्या | प्रखंड का नाम | मृतक महिला का नाम | मृत्यु की तिथि | प्रसव की तिथि | पता | उम्र (वर्ष में ) | मृत्यु का संभावित कारण | मृत्यु का स्थान | Reporting Month |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | सूर्यगढ़ा | रूपम कुमारी | 10.10.2024 | 10.10.2024 | कटेहर बॉलीपर सूर्यगढ़ा | 16 वर्ष | P.P.H. | निस्ता रास्ते में | दिसम्बर 2024 |
| 02 | सूर्यगढ़ा | दिव्या भारती | 16.11.2024 | 16.11.2024 | वंशीपुर बिन्दटोली | 19 वर्ष | | JLNMCH भागलपुर | अप्रैल 2024 |
| 03 | सूर्यगढ़ा | पूजा कुमारी | 23.03.2025 | 23.03.2025 | किरणपुर सूर्यगढ़ा | 20 वर्ष | Severe loss of Blood during operation | निजी क्लिनीक जमालपुर | अप्रैल 2025 |
| 04 | सूर्यगढ़ा | गुड़िया कुमारी | 23.04.2025 | – | पीरीबाजार, सूर्यगढ़ा | 20 वर्ष | Sudden Cardiac arrest | अरमा रास्ते में | अप्रैल 2025 |
| 05 | बडहिया | गुड़िया कुमारी | 20.05.2025 | 20.05.2025 | ग्राम-धीरा धाइ | 19 वर्ष | Cardio respiratory Failure | बेगुसराय जाने के क्रम में रास्ते में | मई 2025 |

उपरोक्त वर्णित मातृ-मृत्यु के **Verbal Autopsy के क्रम में पाए गये कारणों को निम्न प्रकार से प्रस्तुतिकरण किया गया :**

24.06.25



Scanned with CamScanner

कुमारी का गर्भकाल 9 माह उम्र 23 वर्ष ग्रेविडा-1, T.D का टीका, जीवित जन्म की संख्या 1, प्रसव - समान्य, कुल 04 बार ANC जॉच किया गया |

विवरणी - कृष्णा कुमार का जन्म सदर अस्पताल लखीसराय में होने के बाद लाभार्थी अपने मायके लय खैरा सूर्यगढा चली गई। जहाँ पर 6 दिन पर बच्चे को स्नान कर दिया गया। उसी रात में बुखार आ गया । प्राइवेट संस्थान में इलाज कराने के बाद बच्चा स्वस्थ्य हुआ उसके 15 दिन बाद खुरियारी हलसी आ गया। दिनाक 05.011.2024 को बच्चे को सर्दी आ गया। दिनांक 16.11.2024 को प्राइवेट संस्थान बिहारशरीफ ले जाया गया। जहाँ पर दिनांक 26.11.2024 तक बच्चा भर्ती रहा । दिनाक 04.12.2024 को पुनः बुखार सॉस लेने में समस्या होने पर दिनांक 05.12.2024 को इलाज हेतु विहार शरीफ ले जाने के क्रम में 11Am रास्ते में ही मृत्यु हो गया। बुखार, सॉस, लेने में समस्या कफ था। मृत्यु का कारणः - Sepsis

6) <u>बच्चा का नाम - जूही कुमारी</u> जन्म तिथि - 10.02.2025 मृत्यु की तिथि - 26.04.2025 उम्र- 02 माह 15 दिन | माता का नाम - काजल देवी, पिता मनीष कुमार, ग्राम बेलौरी, लखीसराय | जन्म के समय शिशु का वजन -1.72 kg, प्रतिरक्षण - BCG, DPT-1, DPT-2 Verbal Autopsy |

विवरणी: दिनांक 26.04.2025 को बच्चे को नियमित टीकाकरण कराया गया । जिसके माध्यम से बच्चे को द्वितीय डोज का टीकाकरण दिया गया | टीकाकरण के कुछ देर के बाद बच्चे को बुखार आ गया | जिसके बाद स्वास्थ्य कर्मी के द्वारा बच्चे को बुखार की दवा (पारासिटामोल) दिया गया | कुछ देर के बाद बच्चे का बुखार उतर गया | रात में करीब दो बजे बच्चे की मां के द्वारा बच्चे को जगाने का प्रयास किया गया जिसके बाद पता चला की बच्चे की मृत्यु हो चुकी थी ।

उपरोक्त वर्णित शिशु मृत्यु के कारणों की समीक्षा <u>जिला पदाधिकारी, लखीसराय द्वारा किया गया | जिसके क्रम में पाया गया कि सर्वाधिक शिशु-मृत्यु का कारण Asphyxial Death, Sudden intant Death Syndrome एवं Preterm and Premature baby है | जिसके क्रम में उनके द्वारा संस्थागत प्रसव के उपरांत शिशु के जोखिम की पहचान करने में गंभीरता एवं किसी भी प्रकार की समस्या आने पर तुरंत प्रबंधन करते हुए SNCU रेफर करने हेतु निदेशित किया गया | इसके साथ ही उनके द्वारा निदेशित किया गया कि शिशु के जन्म के उपरांत आशा के द्वारा गृह भेंट के क्रम में बच्चे को सॉस लेने से संबंधित समस्या एवं माँ का दूध पिलाने के तरीके को अवश्य निरीक्षण करें एवं इसकी सुनिश्चितता करने हेतु सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को निदेशित किया गया |</u>

**[अनुपालन -उपाधीक्षक,स० अ०, सभी MOIc, BHM, HM, BCM एवं अन्य सभी संबंधित]**

5. **<u>District Indeminity Sub Committee की बैठक :-</u>** Indeminity Sub Committee / DQAC की बैठक जिला पदाधिकारी, लखीसराय की अध्यक्षता में किया गया | जिसके क्रम में जिला सामुदायिक उत्प्रेरक, जिला स्वास्थ्य समिति लखीसराय के द्वारा बताया गया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, हलसी के द्वारा परिवार नियोजन कार्यक्रम अंतर्गत दो असफल पुरुष नसबंदी ऑपरेशन होने की सूचना दी गयी | इसके साथ ही उनके द्वारा क्षतिपूर्ति राशी की देय हेतु अनुरोध किया गया है एवं बैठक में लाभार्थी का सभी दस्तावेज एवं जॉच प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया जिसकी सूची निम्न प्रकार से है :

| क्रम संख्या | लाभार्थी का नाम एवं पता | केस का संक्षिप्त विवरणी |
|---|---|---|
| 1. | श्री राजीव कुमार, पिता - श्री मनोज कुमार सिंह, ग्राम - कर्मा, प्रखंड -सिकंदरा, जिला - जमुई | सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, हलसी के पत्रांक 408 दिनांक 10.05.2023 के द्वारा असफल पुरुष नसबंदी की सूचना के साथ संबंधित दस्तावेज उपलब्ध कराया गया | |
| 2. | श्री गौरव कुमार सिंह, पिता- श्री रमेश सिंह, ग्राम - कर्मा, प्रखंड -सिकंदरा, जिला - जमुई | |

उपरोक्त के संबंध में सभी सदस्यों के द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि वर्णित लाभार्थी को परिवार नियोजन अंतर्गत असफल पुरुष नसबंदी होने पर उन्हें देय क्षतिपूर्ति राशी के भुगतान की अनुशंसा State Indeminity Sub Committee से की जाती है |



Scanned with CamScanner

जिला स्वास्थ्य समिति,लखीसराय
District Health Society, Lakhisarai
सदर अस्पताल परिसर,लखीसराय–811311
Sadar Hospital Campus, Lakhisarai-811311
e-mail id: dhslakhisarai1819@gamil.com

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

61

पोषण पुनर्वास केंद्र में क्षमता से कम बच्चो की भर्ती होने पर जिला पदाधिकारी, लखीसराय द्वारा खेद प्रकट किया गया एवं उनके द्वारा स्वास्थ्य विभाग, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (RBSK) टीम एवं ICDS बिभाग को तत्परता के साथ अतिकुपोषित बच्चो को भर्ती कराने हेतु निर्देशित किया गया।

[DPO-ICDS/ सभी MOIc / CDPO / BHM / BCM / CHO एवं अन्य सभी सम्बंधित ]

9. गुड सेमेरिटन योजना (Good Samaritan Policy): जिला पदाधिकारी, लखीसराय द्वारा बैठक के क्रम में गुड सेमेरिटन योजना के संबंध में विस्तार से बताया गया। उनके द्वारा बताया गया कि सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा 3 अक्टूबर 2021 को शुरू की गई, "गुड सेमेरिटन योजना" उस अच्छे सेमेरिटन को पुरस्कार प्रदान करती है जिसने तत्काल सहायता प्रदान करके एक घातक दुर्घटना (मोटर वाहन सहित) के पीड़ित की जान बचाई है और चिकित्सा उपचार प्रदान करने के लिए दुर्घटना के सुनहरे घंटे के भीतर अस्पताल/ट्रॉमा केयर सेंटर पहुंचाया। प्रत्येक अच्छे व्यक्ति के लिए पुरस्कार की राशि ₹ 5,000/- प्रति घटना होगी।

इस योजना का उद्देश्य आम जनता को आपातकालीन स्थितियों में सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद करने और दूसरों को निर्दोष जीवन बचाने के लिए प्रेरित करना है। एक अच्छा व्यक्ति जिसने पुलिस को मोटर वाहन से सम्बंधित किसी भी दुर्घटना की सूचना दी है, या जिसने दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुचाया है उससे पुलिस या अस्पताल द्वारा किसी और चीज की मांग नहीं की जाएगी और उसे तुरंत जाने की अनुमति दी जाएगी।

[उपाधीक्षक स० अ० / सभी MOIc / BHM / BCM / CHO एवं अन्य सभी सम्बंधित ]

इसके साथ ही सधन्यवाद के साथ बैठक की समाप्ति की घोषणा की गयी।

25/06/25

सिविल सर्जन - सह-सचिव
जिला स्वास्थ्य समिति, लखीसराय।

जिला पदाधिकारी - सह-अध्यक्ष
जिला स्वास्थ्य समिति, लखीसराय।

ज्ञापांक: 1139 DHS दिनांक : 25/06/2025

प्रतिलिपि :- ACMO लखीसराय / जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (ICDS) लखीसराय / उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, लखीसराय / सभी प्रभारी चिकित्सा पदा० लखीसराय जिलान्तर्गत / जिला स्वास्थ्य समिति, लखीसराय के सभी संबंधित पदाधिकारी / जिला प्रबंधक - पिरामल लखीसराय को आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि : DQAC के सभी सदस्य को आवश्यक कार्यवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि:- क्षेत्रीय अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवायें, मुंगेर प्रमंडल, मुंगेर को सूचनार्थ समर्पित।

प्रतिलिपि:- जिला पदाधिकारी, लखीसराय को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :- कार्यपालक निदेशक, SHSB, पटना की सेवा में कृपया सूचनार्थ समर्पित।

प्रतिलिपि :- आयुक्त मुंगेर प्रमंडल, मुंगेर की सेवा में कृपया सूचनार्थ समर्पित।

प्रतिलिपि :- सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना की सेवा में कृपया सूचनार्थ समर्पित।

प्रतिलिपि :- अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना की सेवा में कृपया सादर सूचनार्थ समर्पित।

सिविल सर्जन - सह-सचिव
जिला स्वास्थ्य समिति, लखीसराय।

जिला पदाधिकारी - सह-अध्यक्ष
जिला स्वास्थ्य समिति, लखीसराय।



Scanned with CamScanner